## सार-समाचार

### मतदान दल रवाना

**झुंझुनूं ।** जिला प्रशासन की ओर से विधानसभा उप चुनाव की मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा के निर्देशन में मंगलवार को जिला मुख्यालय की सेठ मोतीलाल कॉलेज परिसर से मतदान दलों की रवानगी हुई। मतदान से पहले उन्हें तृतीय प्रशिक्षण देकर मतदान के लिए उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम, वीवीपैट सहित अन्य सामग्री सौंपी गई। मतदान दलों की रवानगी के समय जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी ने मतदान कर्मियों को सजग, सतर्क रहकर मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समयानुसार संपादित करने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर धैर्य रखकर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए प्रबंधन रखने की बात कही। जिला प्रशासन की ओर से मतदान दलों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए उनकी बैठक व्यवस्था के पास ही उन्हें ईवीएम, वीवीपेट सहित अन्य मतदान सामग्री सुपुर्द की गई। वहीं पीडब्लूडी प्रबंधित मतदान केंद्र के लिए नियुक्त दिव्यांग मतदान दल को भी विशेष सुविधा दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार आर्य, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी कैलाशचंद्र, रिटर्निंग अधिकारी हवाईसिंह यादव, एरिया मजिस्ट्रेट के रूप में मंडावा एसडीएम मुनेश, नवलगढ़ एसडीएम जयसिंह भी उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सीकर ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस 2024 के अवसर पर विशेष योग्यजन बालकों के लिए पूर्णरूप से समर्पित विधिक जागृति के क्रम में " –" प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला, संभाग व राज्य स्तर पर 12 सितम्बर से 11 नवम्बर 2024 के मध्य किया गया।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया कि राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 11 नवम्बर 2024 को सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में किया गया जिसमें संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रहें कस्तूरबा सेवा संस्थान सीकर के विशेषयोग्यजन बालक कबीर सैनी ने बेडमिन्टन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह कार्यक्रम इंटरनेशनल सेंटर, झालाना डूंगरी, जयपुर में आयोजित किया गया। छात्र कबीर सैनी को बेडमिन्टन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सिल्वर मेडल 4 हजार रूपये नगद, स्मार्ट वॉच व विजेता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### वार्षिकोत्सव पर श्याम पाठ आयोजित

**चूरू ।** श्री श्याम सेवा समिति व श्याम परिवार चूरू की ओर से मंगलवार को 15वें वार्षिकोत्सव पर भव्य श्याम पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चूरू के मेहुल शर्मा व हिमांशु शर्मा ने पाठ का वाचन किया। कार्यक्रम में कोलकात्ता की तूलिका बनर्जी ने नृत्य नाटिका की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर श्याम जन्मोत्सव का आयोजन भी किया गया। जिसमें बाबा श्याम की सजीव झांकी ने सभी का मन मोहा। इस अवसर पर पुष्प वर्षा कर झांकियों का स्वागत किया गया। इससे पूर्व बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंडल के अनिल माटोलिया ने बताया कि इस बार बैंगलोर से बाबा का भव्य श्रृंगार लाया गया। कार्यक्रम में राजू मटोलिया, कमल हारित, पुरुषोत्तम पिपलवा, नारायण गौड़, कमल गोरसिया, योगेश सोनी व मंडल के सदस्यों ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला–पुरूष व श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

### मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सीकर ।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने मंगलवार को जिले के खाटूश्यामजी में देवउठनी एकादशी पर श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर आयोजित मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रृदालुओं को श्यामबाबा के दर्शन सुगमता से हो सके इसके लिए सभी अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए अपने कृर्तव्य का निर्वहन करें। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने खाटूश्यामजी में विभिन्न स्थानों का भ्रमण करयातायात, पार्किंग, चिकित्सा, विद्युत,पेयजल,दर्शन मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने श्यामबाबा के दर्शन कर देश–प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीकर गजेन्द्र सिंह जोधा, उपखण्ड अधिकारी दांतारामगढ़ मोनिका सामोर, तहसीलदार महिपाल सिंह, कुनाल राहड़,एडीपीसी राकेश कुमार लाटा,खाटूश्यामजी मंदिर कमेटी के मंत्री प्रताप सिंह चौहान साथ रहें।

### गौशाला में मनाया गोपाष्टमी पर्व

**खिराड़ ।** श्रीजी जानकीनाथ गौशाला में शनिवार को गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमद् भागवत कथा वाचक पं. परमेश्वरलाल गुरुकृपा के सानिध्य में गौ माता की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी गौ भक्तों ने गोपाष्टमी पर्व पर गायों को दलिया, गुड़, चुरी, हरा चारा इत्यादि खिलाकर गाय की सेवा की। इधर, गोपाष्टमी पर्व के दिन खिरोड़ निवासी नाथूराम दाधीच (गुरुजी) की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र पवन दाधीच के सौजन्य से गौशाला में गायों के लिए चुरी इत्यादि का गोग्रास डलवाकर गायों की सेवा की। इस दौरान सभी ने गुरुजी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कथावाचक पंडित परमेश्वरलाल गुरुकृपा में भी गोपाष्टमी पर्व के दिन गौ सेवा के लिए 5100 रूपए गौशाला में भेंट किए।

### कार्यक्रम का शुभारंभ

**तारानगर ।** पैरालंपिक कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र झाझडिया व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर क्षेत्र के गांव गाजुवास मेँ खेल मंत्रालय भारत सरकार के "खेलो इंडिया" के तहत राइजिंग टैलेंटेड आईडिन्टिफिकेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान झाझडिया ने कहा कि छुपी हुई युवा प्रतिभाओं को छांटकर खेल जगत में कैरियर बनाने और उन्हें स्वर्णिम अवसर प्रदान करने के लिए यह कार्यक्रम अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। भाजपा नेता जांगिड़ ने विद्यार्थियों एंव युवा साथियों को शुभकामनाएं दी।खेल स्टेडियम को बेहतरीन बनाने के लिए प्रयासरत भामाशाहों एंव ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रजापत, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुमन जाखड़, ईश्वर पांडिया, सार्दुलसिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### जिला कलेक्टर करेंगे जनसुनवाई

**सीकर ।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा 13 नवम्बर 2024 (बुधवार) को लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लालासी में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई करेंगे। रात्रि चौपाल प्रभारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी होंगे तथा तहसीलदार सहायक प्रभारी होंगे।रात्रि चौपाल में राजस्व, महिला एवं बाल विकास, रसद, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा पशुपालन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने विभागों में संचालित समस्त योजनाओं की सूचना साथ लेकर उपस्थित रहेंगे।

### शिविर आयोजित

**सीकर ।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर राजस्थान सरकार वित्तीय वर्ष 2024–25 की बजट घोषणा के अनुसार दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने के लिए संयुक्त सहायता योजनान्तर्गत कृत्रिम, सहायक उपकरणों से लाभान्वित किये जाने के लिए ब्लॉकवार शिविर पंचायत समितियों मुख्यालयों पर दिवसों में शिविर आयोजित किये जायेगें।उन्होंने बताया कि 13 नवम्बर 2024 को ब्लॉक फतेहपुर, धोद, लक्ष्मणगढ़, पिपराली, पाटन, खण्डेला, श्रीमाधोपुर का शिविर पंचायत समिति सभागार में तथा 18 नवम्बर 2024 को ब्लॉक दांतारामगढ़, नीमकाथाना में पंचायत समिति सभागार में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### कार्मिकों को भी मिलेगा अवकाश

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने 13 नवंबर 2024 बुधवार को मतदान दिवस के अवसर पर झुंझुनूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश सभी सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को उनके मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रदान किया गया है। सरकारी कार्मिकों के साथ ही, निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को भी इस दिन संवैतनिक अवकाश का प्रावधान किया गया है ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# उप चुनाव के लिए तैयारी पूरी, अब मतदाताओं की बारी

**झुंझुनूं ।** विधानसभा उप चुनाव के लिए जिला प्रशासन की ओर से माकूल व्यवस्था की गई है। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्रा में 13 नवंबर को आयोजित होने वाले उप चुनाव के लिए 263 मतदान केंद्र पूरी तरह से तैयार कर दिए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्रा में वर्तमान में कुल 2 लाख 74 हजार 698 मतदाता पंजीकृत हैं। जिनमें 1 लाख 42 हजार 780 पुरुष, 1 लाख 31 हजार 913 महिला एवं पांच थर्ड जेंडर शामिल है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं के रूप में कुल 2540 मतदाता हैं। जिनमें एक हजार 771 पुरुष एवं 769 महिला पंजीकृत हैं। निर्वाचन क्षेत्र में 14 सहायक मतदान केंद्रों समेत कुल 263 मतदान केन्द्र हैं। इसके साथ ही 145 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग करवाया जाएगा।

न केंद्र के रूप में परमवीर पीरू सिंह राउमावि का बायां भाग, प्राइमरी सेक्सन, जेके मोदी राबाउमावि का बायां भाग, जिला परिषद कार्यालय का दायां भाग, महर्षि दयानंद बालिका महाविद्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट का बायां एवं दायां भाग, राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय का बायां भाग शामिल है। वहीं पीडब्लूडी प्रबंधित मतदान केंद्र के रूप में शहीद कर्नल जेपी जानूं राउमावि का दायां भाग चयन किया गया है। युवा प्रबंधित मतदान केंद्र के रूप में आदर्श बाल निकेतन उमावि, राउप्रावि मोहल्ला नायकान, जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज का दायां भाग, पीरामल बालिका उमावि हिंदी माध्यम का बायां भाग बगड़, शहीद जगदीश सिंह राउमावि का बायां भाग जयपहाड़ी, राप्रावि वारिसपुरा, महात्मा गांधी रावि बायां भाग खिदरसर, राउमावि आबूसर का चयन किया गया है।

**विशेष थीम पर इन मतदान केंद्रों का हुआ चयन :**आर्मी थीम के रूप में महात्मा गांधी रावि मध्य भाग चनाना, श्री नरसाराम पुरोहित राउमावि बायां भाग एवं दायां भाग भड़ौंदा कलां, शेखावाटी कल्चर थीम पर स्वतंत्राता सैनानी रिछपाल राम राउमावि का बायां भाग कासिमपुरा, राप्रावि हरिजन मोहल्ला दायां भाग सुलताना, राबाउमावि दायां भाग केहरपुरा कलां, स्पोर्ट्स थीम पर पीरामल बाउमावि अंग्रेजी माध्यम बायां भाग बगड़, ग्रीन थीम पर जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज बायां भाग झुंझुनूं, सेठ रामप्रताप सौंथलिया राउमावि बायां भाग इस्लामपुर का चयन किया गया है।

# श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया

**खेतड़ी,** ( निसं ) खेतड़ी नगर स्थित केसीसी के सनातन धर्म मंदिर स्थित श्याम बाबा मंदिर में मंगलवार को सवा सात किलो का केक काट कर श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्याम भगत गोपाल सिंह व विमल शर्मा ने बाबा की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर सवा सात किलो का मिलक केक काटकर बाबा को भोग लगाया।श्याम भक्तो की ओर बाबा लखदातार की प्रतिमा को फूलों से सजे मंच पर विराजमान किया गया। इस दौरान विमल शर्मा ने शीश के दानी की पूजा करवाई व जोत जगाई। पंडित विमल शर्मा ने कहा किमनुष्य को अपने जीवन में धार्मिक अनुष्ठान करने चाहिए। भगवान के प्रति आस्था रखने से सदैव जीवन आनंदमय रहता है तो भगवान की भक्ति करने से अपने भक्तों पर हमेशा भगवान की कृपा रहती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। गाय का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है, इसकी पुजा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हिन्दू धर्म में गाय माता को विशेष स्थान दिया गया है, गाय के गुणों से मनुष्य अनेक प्रकार की बिमारियों से भी मुक्ति पाता है।इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन किर्तन का आयोजन किया गया।


**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**

(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **गोगुंदा शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
**पुराना पता-** ग्राउंड फ्लोर, बाईपास चौराहा, उदयपुर रोड, गोगुन्दा, जिला-उदयपुर-313705 (राजस्थान)
**नया पता-** ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 6488, दुकान नंबर 1103, बाईपास प्रताप सर्कल, फिनकेयर बैंक के पास, गांव और तहसील गोगुंदा, जिला-उदयपुर 313705 (राजस्थान)
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) शांतनु चंदा पुत्र** सुबेन्दु चंदा **निवासी:** मार्बेई बेकरी, ग्राम–लैरौंगचुंग, थाना मारम, जिला–सेनापति, मणिपुर, **(2) मोहन पुत्र** किशन राम **निवासी:** ग्राम–बडवा, तहसील–रतनगढ़, जिला–चूरू, राजस्थान, ने **FIR No. 253/2024 Dt. 25.06.2024, U/s 8(C)/18/21/29 NDPS Act, पुलिस स्टेशन विशेष शाखा ट्रांस यमुना रेंज, पांडव नगर, दिल्ली (साइबर पुलिस स्टेशन द्वितीय तल),** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) शांतनु चंदा (2) मोहन** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) शांतनु चंदा (2) मोहन** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 253/2024 Dt. 25.06.2024, U/s 8(C)/18/21/29 NDPS Act, पुलिस स्टेशन विशेष शाखा ट्रांस यमुना रेंज, पांडव नगर, दिल्ली (साइबर पुलिस स्टेशन द्वितीय तल),** के उक्त अभियुक्त **(1) शांतनु चंदा (2) मोहन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सुधीर कुमार सिरोही
विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट, कमरा नं.–35, पी. बिल्डिंग, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14865/Spl.Cell/2024
(Court Matter)

## पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

ई-500, टावर ई, पांचवीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर,
नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029

### एनपीएस न्यास के बोर्ड में एक न्यासी की नियुक्ति

एनपीएस न्यास के बोर्ड में न्यासी के रूप में नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है, जिनका कार्यकाल नियुक्ति की तारीख से तीन साल तक की अवधि के लिए होगा, जिसमें केवल दो वर्ष तक की कार्यावधि के विस्तार का प्रावधान है। न्यासी की कार्यावधि के लिए अधिकतम आयु सीमा सत्तर वर्ष निर्धारित की गई है। सभी न्यासी प्राधिकरण द्वारा समय समय पर निर्धारित, न्यासी बैठक हेतु बैठक शुल्क एवं न्यासी बैठक हेतु अन्य खर्चों जैसे यात्रा शुल्क एवं यात्रा के दौरान प्रवास शुल्क आदि के लिए पात्र है।

इस पद पर नियुक्ति के लिए विस्तृत सूचना, पीएफआरडीए (एनपीएस न्यास) विनियम, 2015 और न्यासियों की नियुक्ति के लिए दिशा-निर्देश पीएफआरडीए की वेबसाइट www.pfrda.org.in पर उपलब्ध है।

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 12 दिसम्बर 2024 है।

अधोहस्ताक्षरी /-
मुख्य महाप्रबंधक
CBC 15102/12/0002/2425 विनियमन विभाग-निधि प्रबंधन (एनपीएस न्यास)

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/334 दिनांक :- 07.11.2024

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नितिन कुमार पुत्र देवकीनंदन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 07 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री नितिन कुमार पुत्र देवकीनंदन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 07 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री नितिन कुमार पुत्र देवकीनंदन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है।
2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 60.41 वर्ग गज (543.72 वर्ग फीट) है।
3. सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- भूखंड नवीन कुमार पुजारी (ख) पश्चिमः- भूखंड भवानी शंकर पुजारी (ग) उत्तरः- संस्कृत स्कूल (घ) दक्षिण :- आम रास्ता

उक्त पडौसान के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी | गीता |
| ग्राम पंचायत सालासर | सरपंच |
| पंचायत समिति,सुजानगढ़ | ग्राम पंचायत सालासर |
| | पंचायत समिति,सुजानगढ़ |

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/333 दिनांक :- 07.11.2024

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल पुजारी पुत्र विश्वनाथ पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 10 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री अनिल पुजारी पुत्र विश्वनाथ पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 10 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री अनिल पुजारी पुत्र विश्वनाथ पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है।
2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 45.74 वर्ग गज (411.71 वर्ग फीट) है।
3. सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- भूखंड इंद्रचंद, हुलास व सुरेश पोद्दार (ख) पश्चिमः- भूखंड रामरखी देवी (ग) उत्तरः- संस्कृत स्कूल (घ) दक्षिण :- आम रास्ता

उक्त पडौसान के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी | गीता |
| ग्राम पंचायत सालासर | सरपंच |
| पंचायत समिति,सुजानगढ़ | ग्राम पंचायत सालासर |
| | पंचायत समिति,सुजानगढ़ |

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/332 दिनांक :- 07.11.2024

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रामरखी देवी पत्नी विश्वनाथ जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 09 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्रीमती रामरखी देवी पत्नी विश्वनाथ जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 09 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्रीमती रामरखी देवी पत्नी विश्वनाथ जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है।
2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 45.73 वर्ग गज (411.58 वर्ग फीट) है।
3. सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- भूखंड अनिल पुजारी (ख) पश्चिमः- भूखंड नवीन पुजारी (ग) उत्तरः- संस्कृत स्कूल (घ) दक्षिण :- आम रास्ता

उक्त पडौसान के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी | गीता |
| ग्राम पंचायत सालासर | सरपंच |
| पंचायत समिति,सुजानगढ़ | ग्राम पंचायत सालासर |
| | पंचायत समिति,सुजानगढ़ |

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/337 दिनांक :- 07.11.2024

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री यशोदानंदन पुजारी पुत्र रामदेव पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 11 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री यशोदानंदन पुजारी पुत्र रामदेव पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 11 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री यशोदानंदन पुजारी पुत्र रामदेव पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है।
2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 60.14 वर्ग गज (541.28 वर्ग फीट) है।
3. सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- भूखंड भवानी शंकर पुजारी (ख) पश्चिमः- आम रास्ता (ग) उत्तरः- संस्कृत स्कूल (घ) दक्षिण :- आम रास्ता

उक्त पडौसान के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी | गीता |
| ग्राम पंचायत सालासर | सरपंच |
| पंचायत समिति,सुजानगढ़ | ग्राम पंचायत सालासर |
| | पंचायत समिति,सुजानगढ़ |

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/335 दिनांक :- 07.11.2024

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवीन कुमार पुत्र देवकीनंदन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 06 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री नवीन कुमार पुजारी पुत्र देवकीनंदन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 06 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री नवीन कुमार पुजारी पुत्र देवकीनंदन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है।
2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 60.29 वर्ग गज (542.69 वर्ग फीट) है।
3. सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- भूखंड रामरखी देवी (ख) पश्चिमः- भूखंड नितिन कुमार पुजारी (ग) उत्तरः- संस्कृत स्कूल (घ) दक्षिण :- आम रास्ता

उक्त पडौसान के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी | गीता |
| ग्राम पंचायत सालासर | सरपंच |
| पंचायत समिति,सुजानगढ़ | ग्राम पंचायत सालासर |
| | पंचायत समिति,सुजानगढ़ |

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/336 दिनांक :- 07.11.2024

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भवानी शंकर शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 08 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री भवानी शंकर शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 08 पट्टा जारी दिनांक 18.10.2024 पट्टा धारी का नाम श्री भवानी शंकर शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है।
2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 60.11 वर्ग गज (541.02 वर्ग फीट) है।
3. सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- भूखंड नितिन कुमार पुजारी (ख) पश्चिमः- यशोदानंदन पुजारी (ग) उत्तरः- संस्कृत स्कूल (घ) दक्षिण :- आम रास्ता

उक्त पडौसान के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी | गीता |
| ग्राम पंचायत सालासर | सरपंच |
| पंचायत समिति,सुजानगढ़ | ग्राम पंचायत सालासर |
| | पंचायत समिति,सुजानगढ़ |